**प्रेस नोट दिनांक 09.10.2025**

**थाना भोजीपुरा जनपद बरेली।**

**जनपद बरेली पुलिस द्वारा एक लाख का इनामी/दुर्दांत अपराधी इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से मृत्यु, .32 बोर पिस्टल, 2 मैगज़ीन, 18 कारतूस .32 बोर, 28,300 हजार रु0, मोबाइल फोन एवं बिना नम्बर की बाइक बरामद।**

- **घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अभियुक्त **इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित पर प्रदेश के 07 जनपदों के विभिन्न थानों में हत्या सहित डकैती के 04 मामलों सहित 19 मुकदमें पंजीकृत हैं। यह कुख्यात अपराधी जनपद बरेली के थाना बिथरी चैनपुर से वर्ष 2024 में डकैती के मुकदमें में वांछित चल रहा था**, जिस पर **SSP बरेली द्वारा 25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था, SSP बरेली की संस्तुति पर DIG बरेली रेंज द्वारा 50 हजार तथा SSP बरेली एवं DIG बरेली रेंज की संस्तुति पर ADG बरेली जोन के द्वारा एक लाख रुपये का पुरस्कार** घोषित किया गया था।

आज दिनांक 09.10.2025 को जनपदीय SOG और 3 थानों की पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान एक लाख का पुरस्कार घोषित वांछित अपराधी **इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित** उपरोक्त गोली लगने घायल हुआ, जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां उसे डॉक्टर्स द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

- **सूचना/पुलिस टीम/कार्यवाही-**

कुख्यात अपराधी **इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित** के खिलाफ **प्रदेश के सात जनपदों के विभिन्न थानों में दोहरी हत्या सहित डकैती जैसे गंभीर अपराधों जैसे कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं।** यह खूंखार अपराधी जनपद बरेली के थाना बिथरी चैनपुर में वर्ष 2024 में दर्ज डकैती के मामले में फरार चल रहा था और माननीय **न्यायालय से भी इसकी गिरफ्तारी हेतु NBW** जारी किया गया था। **इस कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी के लिए बरेली पुलिस की SOG, सर्विलांस व थानों की टीमें लगातार इसकी तलाश में जुटी हुई थीं।**

आज दिनांक 09.10.2025 को समय करीब 04:30 बजे प्रातः SHO बारादरी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक लाख का इनामी अभियुक्त इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित अपने एक अन्य साथी के साथ बिना नम्बर की बाइक से बीसलपुर रोड़ होते हुए बरेली स्थित बीसलपुर चौराहा की तरफ आने वाला है। सूचना पर SHO बारादरी श्री धनन्जय पाण्डेय अपनी पुलिस टीम के साथ बीसलपुर चौराहे पर पहुंचकर घेराबन्दी कर चैकिंग करने लगे तो उसी दौरान बीसलपुर रोड़ की तरफ से बिना नम्बर की बाइक पर सवार दो अपराधियों द्वारा खुद को पुलिस से घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर वापस मुड़कर बीसलपुर रोड़ से लालपुर चौराहा होते हुए हाईवे पर जनपद रामपुर की तरफ भागने लगे। इनका पीछा करते हुए SHO बारादरी द्वारा आसपास के थाना इज्जतनगर, भोजीपुरा एवं SOG टीमों को सूचित किया गया, जिस पर SHO इज्जतनगर, SHO भोजीपुरा एवं SOG प्रथम एवं SOG द्वितीय की टीमें भी एक्टिव हो गयीं। सूचना पर पुलिस चौकी अहलादपुर पर पुलिस बल द्वारा इन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं रुके। इसके बाद SHO इज्जतनगर श्री

BAREILLY POLICE

बिजेन्द्र सिंह द्वारा भी अपनी टीम के साथ विलयधाम पुल के पास घेराबन्दी कर मोटर साईकिल सवार उक्त अपराधियों को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वहां पर भी नहीं रुके और एक ट्रक की आड़ का फायदा उठाकर विलयधाम पुल से रामपुर की तरफ भागने लगे। जब यह अपराधी बिल्वा पुल से होते हुये रामपुर की तरफ भाग रहे थे तो सामने से SOG प्रथम के प्रभारी श्री सुनील कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ घेराबन्दी कर रखी थी, जिसके चलते यह अपराधी हाईवे से यू-टर्न लेकर बिल्वा पुल से सर्विस रोड़ होते हुए नैनीताल रोड़ पर भोजीपुरा की तरफ को भागने लगे, यहां पर पहले से ही SHO भोजीपुरा श्री प्रवीण कुमार सोलंकी एवं SOG द्वितीय के प्रभारी श्री देवेन्द्र सिंह धामा की टीमों ने कार्डन लगा रखा था। **पुलिस कार्डन/एम्बुश में खुद को घिरता देख** बाइक सवार अपराधियों ने बिल्वा पुल से नैनीताल रोड़ पर करीब 150 मीटर आगे रोड़ किनारे बायीं ओर स्थित तिल की फसल के खेत में बाइक घुसा दी, जिससे बाइक असंतुलित होकर गिर गयी। इसी बीच इनका पीछा करते हुए SHO इज्जतनगर, SHO बारादरी एवं SOG प्रथम की टीम भी मौके पर पहुंच गयी। बाइक सवार दोनों अपराधियों ने खुद को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से अंधाधुन्ध फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें **SOG प्रथम की टीम में शामिल HC राहुल बाजू में गोली लगने से घायल** हो गया। तदोपरान्त पुलिस पार्टी द्वारा अपराधियों को चेतावनी देते हुए समर्पण करने का पर्याप्त अवसर दिया गया लेकिन दोनो अपराधियों द्वारा पुलिस पार्टी पर निरंतर फायरिंग की जा रही थी, जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में समय प्रातः करीब 05:30 से 06:00 बजे के बीच एक लाख रूपये का पुरस्कार घोषित/डकैती की घटना में वांछित दुर्दांत अपराधी इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित गोली लगने से घायल हो गया। घायल अपराधी एवं पुलिसकर्मी को उपचार हेतु सीएचसी भोजीपुरा ले जाया गया, जहां से डॉक्टर्स द्वारा उपरोक्त अपराधी इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित को जिला अस्पताल बरेली रैफर किया गया, जिसे जिला अस्पताल बरेली के चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। घटना में **घायल पुलिसकर्मी राहुल उपचाराधीन** हैं।

पुलिस पार्टी पर की गयी फायरिंग की घटना में शामिल दूसरा अपराधी जंगल में खड़ी फसल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी/तलाश हेतु काम्बिंग एवं जनपदीय सीमाओं पर चेकिंग की जा रही है। घटना में अभियुक्तों द्वारा प्रयुक्त **.32 बोर की एक ऑटोमेटिक पिस्टल मय चैम्बर में फंसा एक जीवित कारतूस, दो मैगज़ीन, 17 अन्य जिंदा कारतूस .32 बोर, 10 खोखा कारतूस .32 बोर, 07 खोखा कारतूस .315 बोर एवं एक बिना नम्बर की बाइक (हीरो-एचएफ डीलेक्स), एक आधार कार्ड एवं दो हेलमेट** मौके से बरामद हुए तथा अपराधी इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित के पास से 28,300 रू0 नकद भी बरामद हुए।

- **<u>बरामदगी-</u>**

  .32 बोर की एक ऑटोमेटिक पिस्टल मय चैम्बर में फंसा एक जीवित कारतूस।
  दो मैगजीन।
  17 जिंदा कारतूस .32 बोर
  10 खोखा कारतूस .32 बोर
  07 खोखा कारतूस .315 बोर
  28,300 हजार रु0 नकद
  एक मोबाइल फोन सैमसंग
  बिना नम्बर की बाइक (HERO-HF DELUXE)
  एक आधार कार्ड एवं दो हेलमेट

- **<u>अपराधी का विवरण-</u>**

मुठभेड़ में ढेर कुख्यात अपराधी (उम्र करीब 37 वर्ष) विगत दो दशक से अपना नाम/पता बदल-बदल कर निरन्तर जघन्य घटनाओं को अन्जाम दे रहा था। इस अपराधी के विरुद्ध **प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पूर्व से 19 जघन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चार मामलों में इसके द्वारा डकैती के दौरान गृहस्वामियों की हत्या**

BAREILLY POLICE

**कारित की गयी हैं और इन चार मामलों में जनपद मेरठ एवं बरेली से संबंधित दो दोहरी हत्या की जघन्य घटनाएँ भी शामिल हैं।**

- **कुख्यात इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित के द्वारा कारित की गयी मुख्य जघन्य घटनाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है-**

- वर्ष 2006 में जनपद बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्रांतर्गत **ग्राम पचौमी स्थित पंचेश्वरनाथ शिव मंदिर के महंत श्री शंकरलाल गिरि एवं सहायक महंत श्री निरमान गिरि की मन्दिर पर डकैती/लूटपाट के दौरान सामूहिक रूप से नृशंस हत्या** कर दी गयी थी। साथ ही मंदिर के दानपात्र से **नकद रूपये एवं बहुमूल्य धातु की मूर्तियां** लूट ली गयी थी। इस घटना के संबंध में थाना फरीदपुर, बरेली पर मु0अ0स0 1249/2006 धारा 396,412 IPC पंजीकृत है।
- वर्ष 2020 में जनपद मेरठ के थाना जानी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रसूलपुर धौलड़ी में श्री संजीव कुमार गर्ग के घर रात्रि में डकैती की घटना कारित करते हुए उनके **पिता श्री सत्येन्द्र कुमार एवं माता श्रीमती सरिता गर्ग की नृशंस रूप से दोहरी हत्या** की गयी थी। इस घटना में डकैती के दौरान 03 किलोग्राम चांदी, सोने के जेवरात एवं 60 हजार रूपये नकद आदि लूट लिये गये थे। इस घटना के संबंध में थाना जानी जनपद मेरठ पर मु0अ0स0 98/2020 धारा 396,412 IPC पंजीकृत है।
- वर्ष 2011 में जनपद हरदोई के थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत कच्छा-बनियान के वेश में रात्रि में पीडित के घर में घुसकर डकैती की घटना कारित करते समय लूटपाट के दौरान **गृहस्वामी श्री दीपनारायण की निर्मम हत्या कर दी गयी थी तथा दीपनारायण की पत्नी श्रीमती मालती देवी तथा पुत्र शुभम गंभीर रूप से घायल कर मरणासन्न अवस्था में पहुंचाकर उनके घर से 80 हजार रूपये नकद, लाखो रूपये के सोने के जेवरात एवं चांदी की सिल्ली लूट** ली गयी थी। घटना के संबंध में थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई पर मु0अ0स0 142/2011 धारा 396,412 IPC पंजीकृत है।
- वर्ष 2011 में जनपद बहराइच के थाना केसरगंज क्षेत्रांतर्गत ग्राम बहगारपुर में वादी श्री विनोद कुमार सिंह चौहान के घर रात्रि में **डकैती की घटना के दौरान उनके पुत्र श्री मनोज सिंह की मारपीट कर बड़ी बेरहमी से हत्या** कर दी थी और इनके घर से नकदी सहित सोने-चांदी के जेवरात व भारी संख्या में चांदी के सिक्के लूट लिये गये थे। घटना के संबंध में थाना केसरगंज जनपद बहराइच पर मु0अ0स0 469/2011 धारा 396,412 IPC पंजीकृत है।
- वर्ष 2012 में **थाना मसौली जनपद बाराबंकी से बड़ी चालाकी से पुलिस अभिरक्षा से फरार** हो गया था जिसकी **गिरफ्तारी हेतु तद्समय 50 हजार रू0 का पुरस्कार घोषित** किया गया था और इसके पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के संबंध में थाना मसौली जनपद बाराबंकी पर मु0अ0स0 153/2012 धारा 223,224,225 IPC पंजीकृत किया गया था। यह अपराधी काफी **प्रयासों के उपरान्त 8 वर्ष बाद STF द्वारा वर्ष 2020 में गौतमबुद्ध नगर में गिरफ्तार** किया गया था और उस दौरान भी इसके द्वारा STF की टीम पर भी फायरिंग की गयी थी, जिसके संबंध में थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर पर मु0अ0स0 432/2020 धारा 307 IPC व मु0अ0स0 433/2020 धारा 3/25/27 ए0 एक्ट पंजीकृत है।
- वर्ष 2020 में जनपद गौतमबुद्ध नगर के थाना फेस-02 नोएडा क्षेत्र में ए-46 सेक्टर-62 के **कारखाने से 50 लाख से अधिक कीमत का 28 हजार 372 मीटर कपड़ा लूट** लिया गया था।

- **मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से मृत्यु अपराधी के ज्ञात हुए विभिन्न नाम/उर्फियत एवं पतों का विवरण:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) इफ्तेकार उर्फ | (2) धूम उर्फ | (3) लड्डे उर्फ | (4) सोल्जर |
| (5) लोधा उर्फ | (6) शैतान उर्फ | (7) शाकिर उर्फ | (8) रोहित |
| (9) मोटा उर्फ | (10) सैदान उर्फ | (11) इफ्तखार उर्फ | (12) इस्तेकार |
| (13) फिरोज उर्फ | (14) इश्तहार | | |

BAREILLY POLICE

- **पिता का नाम व उर्फियतः-**
  (1) सादिक उर्फ (2) साबिक उर्फ (3) साहिद
- **पतों का विवरणः-**
  (1) बरी चौक कादरगंज रोड थाना गंज डुण्डवारा जनपद कासगंज
  (2) जगत भट्टा ग्राम भूपखेड़ी थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद
  (3) मौहल्ला मुकर्रमपुर कस्बा सीरसी जनपद सम्भल
  (4) ग्राम मखरेडा थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद
  (5) दुर्वेदी थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर
  (6) आलमपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर
  (7) ग्राम डेराबोजी थाना परौर जनपद शांजहापुर

➢ **अपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 1249/2006 धारा 396,412 IPC थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
2. मु0अ0स0 1276/2006 धारा 398,401 IPC थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
3. मु0अ0स0 0259/2010 धारा 380,457 IPC थाना रिसिया जनपद बहराइच।
4. मु0अ0स0 368/2010 धारा 307,401IPC व 7 सीएलए एक्ट व 3/25 ए0 एक्ट थाना रिसिया बहराइच।
5. मु0अ0स0 278/2011 धारा 411,459 IPC थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा।
6. मु0अ0स0 0657/2011 धारा 395,397,412,459 IPC थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच।
7. मु0अ0स0 469/2011 धारा 396,412 IPC थाना केसरगंज जनपद बहराइच
8. मु0अ0स0 142/2011 धारा 396,412 IPC थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई
9. मु0अ0स0 229/2011 धारा 398,401,412 IPC थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।
10. मु0अ0स0 153/2012 धारा 223,224,225 IPC थाना मसौली जनपद बाराबंकी।
11. मु0अ0स0 116/17 धारा 174A IPC थाना मसौली जनपद बाराबंकी।
12. मु0अ0स0 098/2020 धारा 396,412 IPC थाना जानी जनपद मेरठ।
13. मु0अ0स0 255/20 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना नोएडा सेक्टर-58 जनपद गौतमबुद्धनगर।
14. मु0अ0स0 258/20 धारा 411,414 IPC थाना नोएडा सेक्टर-58 जनपद गौतमबुद्धनगर।
15. मु0अ0स0 305/20 धारा 380,411 IPC थाना नोएडा फेस 2 जनपद गौतमबुद्धनगर।
16. मु0अ0स0 432/2020 धारा 307 IPC थाना सुरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर।
17. मु0अ0स0 433/2020 धारा 25,27,3 ए0 एक्ट थाना सुरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर।
18. मु0अ0सं0 637/24 धारा 310(2) BNS थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
19. मु0अ0सं0 471/25 धारा 109 3(5) BNS थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।

➢ **आज दि0 09.10.25 को मुठभेड़ की घटना के संबंध में पंजीकृत अभियोग/अनुवर्ती कार्यवाहीः-**

आज दिनांक 09.10.2025 को प्रातःकाल थाना भोजीपुरा क्षेत्रान्तर्गत अपराधियों से हुई मुठभेड़ से सम्बन्धित उपरोक्त प्रकरण में थाना भोजीपुरा जनपद बरेली पर **मु0अ0स0 963/2025 धारा 109(1) बीएनएस 3/25/28 ए एक्ट बनाम इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित व उसका एक अन्य साथी नाम पता अज्ञात थाना भोजीपुरा जनपद बरेली** पंजीकृत किया गया है। मुठभेड़ में ढेर हुए अपराधी इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित का **पंचायतनामा मजिस्ट्रेट द्वारा** तैयार किया गया है तथा मृतक बदमाश का **पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल द्वारा** किया जायेगा, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी बरेली को आख्या प्रेषित की गयी है, साथ ही मुठभेड़ की **मजिस्ट्रीयल जांच हेतु भी जिलाधिकारी बरेली को रिपोर्ट** भेजी गयी है।

BAREILLY POLICE

- **पुलिस टीमो का विवरण-**

  - **श्री प्रवीण कुमार सोलंकी थाना प्रभारी भोजीपुरा जनपद बरेली।**
    (1) निरीक्षक अपराध श्री धर्मेश कुमार थाना भोजीपुरा जनपद बरेली।
    (2) वरिष्ठ उप निरीक्षक तेजपाल सिंह थाना भोजीपुरा जनपद बरेली।
    (3) कांस्टेबल 135 सचिन कुमार थाना भोजीपुरा जनपद बरेली।
    (4) कांस्टेबल 3265 अंकित कुमार थाना भोजीपुरा जनपद बरेली।

  - **श्री बिजेन्द्र सिंह थाना प्रभारी इज्जतनगर बरेली मय टीम।**
    (1) उप निरीक्षक श्री संजय सिंह थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
    (2) हेड कांस्टेबल 169 राजकमल थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
    (3) कांस्टेबल 2886 मनीष थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

  - **श्री धनन्जय पाण्डेय थाना प्रभारी बारादरी बरेली मय टीम।**
    (1) हेड कांस्टेबल 534 आशीष मिश्रा थाना बारादरी जनपद बरेली।
    (2) कांस्टेबल 2893 सिद्धांत चौधरी थाना बारादरी जनपद बरेली।
    (3) कांस्टेबल 511 आदित्य प्रताप थाना बारादरी जनपद बरेली।

  - **श्री सुनील कुमार शर्मा प्रभारी एसओजी प्रथम मय टीम**
    (1) उप निरीक्षक नवीन कुमार
    (2) हेड कांस्टेबल 372 संजय कुमार
    (3) हेड कांस्टेबल 06 राहुल कुमार **(गोली लगने से घायल/उपचाराधीन)**
    (4) हेड कांस्टेबल 1057 अविनेश
    (5) हेड कांस्टेबल 1104 मोहित कुमार शर्मा

  - **श्री देवन्द्र सिंह धामा प्रभारी एसओजी द्वितीय मय टीम।**
    (1) हेड कांस्टेबल 482 ज्ञानेंद्र कुमार सिंह
    (2) हेड कांस्टेबल 290 मोहम्मद तौशीन हैदर
    (3) कांस्टेबल 1610 अनुज कुमार गोला
    (4) कांस्टेबल 3431 मधुर
    (5) कांस्टेबल 3075 विश्वभाष सिंह

BAREILLY POLICE